कार्यालय निदेशक, प्रारंभिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः–शिविरा/प्रारं/शालादर्शन/सी/स्टा.पै./2018/30 दिनांकः–30/7/18

जिला शिक्षा अधिकारी,
प्रारम्भिक शिक्षा,
समस्त जिले।

विषय – शाला दर्शन पोर्टल पर सत्र 2018–19 के नामांकन अपडेशन के सम्बन्ध में।

प्रसंग – राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर का पत्र दिनांक 20.07.2018

उपर्युक्त विषय एवं संदर्भानुसार लेख है कि प्रारम्भिक शिक्षा के अन्तर्गत संचालित राप्रावि एवं राउप्रावि विद्यालयों में नामांकन के आधार पर पदों का पुनःनिर्धारण शाला दर्शन पोर्टल पर किया जाना है, जिसके क्रम में सत्र 2018–19 हेतु नामांकन की प्रविष्टि अपडेशन शाला दर्शन पोर्टल पर किया जाना है।

इस संबंध में अपने अधीनस्थ बीईईओ/पीईईओ की प्रभावी मॉनिटरिंग करते हुए विद्यालय नामांकन हेतु पी–3, 3 ए, 3 बी का मिलान कर नामांकन अपडेशन सहित पोर्टल के अन्य मॉड्यूल्स में समस्त सूचनाओं के अपडेशन कार्य सुनिश्चित कर लेंवे। नव–प्रवेशी बालकों एवं आउट ऑफ स्कूल चिल्ड्रन को विद्यालय में नामांकन की प्रविष्टि का अपडेशन शाला दर्शन पोर्टल पर दिनांक 31.07.2018 तक शतप्रतिशत करवाया जाना सुनिश्चित करें। नामांकन प्रविष्टि अपडेशन के अभाव में किसी विद्यालय में छात्रों की संख्या के अनुसार स्टाफिंग पैटर्न के तहत पदों का निर्धारण नहीं होने की स्थिति में आपका व्यक्तिगत उत्तरदायित्व निर्धारित किया जायेगा।

समस्त राजकीय प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालयों की विद्यालय प्रोफाईल (प्रपत्र–1) को दिनांक 31.07.2018 तक शतप्रतिशत अपडेट करवा कर प्रविष्टियों का लॉक करवाया जाना सुनिश्चित करें। इस सम्बन्ध में यह भी उल्लेखित है कि शाला दर्शन पोर्टल पर 05.08.2018 से पूर्व आप द्वारा पोर्टल पर लाइव समस्त मॉड्यूल की सूचनाओं को अपडेट करने के आधार पर ही आपकी जिला रैंक निर्धारित की जायेगी।

अतः उक्त कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

30/7/18
अति. निदेशक (शैक्षिक)
प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान,
बीकानेर

www.rajteachers.com

क्रमांकः–शिविरा/प्रारं/शालादर्शन/सी/स्टा.पै./2018/30 दिनांकः–30/7/

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. निजी सचिव, आयुक्त, आयुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
2. अति. जिला परियोजना समन्वयक, सर्व शिक्षा अभियान, समस्त जिले।
3. ब्लॉक प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी, समस्त को प्रेषित कर लेख कि अपने अधीन समस्त राप्रावि/राउप्रावि का शाला दर्शन पोर्टल पर समस्त मॉड्यूल की प्रविष्टी/अपडेशन दिनांक 31.07.2018 किया जाना सुनिश्चित करें।
4. प्रधानाचार्य एवं पदेन पंचायत प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी, समस्त ग्राम पंचायत को देकर लेख कि अपने अधीन समस्त राप्रावि/राउप्रावि का शाला दर्शन पोर्टल पर समस्त मॉड्यूल की प्रविष्टी/अपडेशन दिनांक 31.07.2018 तक किया जाना सुनिश्चित करें।
5. रक्षित पत्रावली।

30/7/18
अति. निदेशक (शैक्षिक)
प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान,
बीकानेर

d:/kamal/letter.doc/18